रोहित गोदारा-राहुल रिणवा गिरोह से जुड़े 8 शातिर बदमाश गिरफ्तार

अवैध वसूली और रंगदारी नेटवर्क पर जयपुर पुलिस ने शिकंजा कसा

जयपुर (कासं)। जयपुर रैंज पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा और राहुल रिणवा गिरोह से जुड़े 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी व्यापारियों और संपन्न लोगों को धमकी देकर रंगदारी मांगने के मामलों में संलिप्त पाए गए हैं।

पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज एच.जी. राघवेन्द्र सुहास ने बताया कि संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीकर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी फतेहपुर के सुपरविजन में रामगढ़ शेखावाटी थाना पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की संगठित अपराध से संबंधित गंभीर धाराओं एवं आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

- **15 पुलिस टीमों के 150 जवानों ने एक साथ दी दबिश**
- **बदमाशों द्वारा अपराध से अर्जित संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया शुरू की पुलिस ने**

जांच में सामने आया कि आरोपी गिरोह के रूप में संगठित होकर रंगदारी, धमकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। इस कार्रवाई के दौरान मनोज चांडोलिया, मुकेश चांडोलिया, योगेश कुमार, महेन्द्र सिंह, रवि उर्फ आर.के. जाखड़, हरीश छापोलिया, जसवंत उर्फ पिंटू और ऋतिक जांडवाला को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों से गिरोह के अन्य सदस्यों और आपराधिक नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ जारी है।

गैंगवार और संगठित अपराध पर लगाम कसने के लिए पुलिस की 15 विशेष टीमों के माध्यम से एक साथ ताबड़तोड़ दबिश दी। इस अभियान में करीब 150 अधिकारी और जवान शामिल रहे। लग्जरी वाहनों सहित कई वाहन जब्त किए गए। वहीं अभियान के दौरान कई बदमाश प्रवृत्ति के लोगों से पूछताछ की गई तथा अवैध गतिविधियों से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए गए।

आईजी सुहास ने बताया कि नए कानून के तहत अपराध से अर्जित संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही संगठित अपराध से जुड़े फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी सख्ती से जारी रहेंगी। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय पैदा करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

बदमाशों ने प्रॉपर्टी कारोबारी की स्कॉर्पियो में आग लगाई

- **जयपुर स्थित पत्रकार कॉलोनी की घटना, पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से बाइक सवार दोनों बदमाशों की तलाश में जुटी**
- **पांच फीट की दीवार फांदकर घर में घुसे थे बदमाश, बोतल में लाए पेट्रोल से लगाई थी आग**
- **पुलिस इस घटना के पीछे पुरानी रंजिश या धमकी की भी जांच कर रही है।**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी कारोबारी की स्कॉर्पियो में आग लगाकर सनसनी फैला दी। बाइक पर आए दो बदमाश पांच फीट ऊंची दीवार फांदकर घर के अंदर घुसे और बोतल में लाए पेट्रोल को वाहन के पहियों पर डालकर आग लगा दी। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। इस संबंध में पीड़ित कारोबारी ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है।

जांच अधिकारी एएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नारायण सरोवर पत्रकार कॉलोनी निवासी सोहन लाल शर्मा (39) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह अपनी स्कॉर्पियो घर के अंदर पोर्च में खड़ी की थी। शनिवार तड़के अचानक वाहन से आग की लपटें उठती दिखीं। परिजनों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन वाहन का निचला हिस्सा काफी हद तक जल गया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि दो बदमाश पहले इलाके में घूमते नजर आए।

कुछ दूरी पर बाइक खड़ी कर दोनों हेलमेट लगाए हुए पीड़ित के घर पहुंचे। एक बदमाश दीवार कूदकर अंदर घुसा, जबकि दूसरा मेन गेट पर खड़ा होकर निगरानी करता रहा। गेट पर खड़े बदमाश ने अंदर मौजूद साथी को बोतल पकड़ाई, जिसके बाद स्कॉर्पियो पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई।

पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश या धमकी की भी जांच की जा रही है। मामले की गहन जांच जारी है।

चोरी की तीन बाइक के साथ बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

जयपुर। जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर नदीम उर्फ हल्का (30) निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से चुराई गई तीन चोरी की बाइक भी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने जवाहर नगर और आदर्श नगर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की कई वारदातें कबूल कीं। जो पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर पहले रैकी करता था और मौका मिलते ही बाहर खड़ी बाइक चुराकर फरार हो जाता।

सार-समाचार

प्रवासी राजस्थानियों का स्नेह मिलन

जयपुर। प्रवासी राजस्थानी दिवस जयपुर पधारे सभी देश-विदेश के चैप्टर के अध्यक्षों का असम (नॉर्थ ईस्ट) चैप्टर के अध्यक्ष रतन शर्मा के नेतृत्व में जयपुर क्लब में भव्य स्नेह मिलन एवं रात्रि भोज समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश सहित विभिन्न महानगरों से पधारे प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों, समाजसेवियों एवं विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक राजस्थानी साफा व दुपट्टा पहनाकर आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के असम चैप्टर नॉर्थ ईस्ट के संयोजक एवं सूत्रधार राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रवासी राजस्थानियों को एक सूत्र में पिरोते हुए उनके सामाजिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करना रहा, जिसमें असम चैप्टर ने राजस्थानी संस्कृति, परंपरा और अतिथि-सत्कार की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की। राजस्थान प्रवासी दिवस पर अभिषेक जैन (दोहा, क़तर), अजय अग्रवाल (लंदन), अमराराम जांगिड़ (दुबई, यूएई), दयाल गुप्ता (सिंगापुर), हरगोविंद राणा (जर्मनी), मनीष काला (युगांडा), मोती डागर (नेपाल), डॉ. पूर्णिमा वोहरा (न्यूयॉर्क, यूएसए), रवि शर्मा (ऑस्ट्रिया), डॉ. शोवीर सिंह (केन्या), त्रिभुवन खंडेलवाल (जापान), विजय सोनी (सऊदी अरब), अजय अग्रवाल (भुवनेश्वर), अजय मारोड (रांची, झारखंड), गणपत कोठारी (मुंबई, महाराष्ट्र), केशव चंद जैन (चेन्नई, तमिलनाडु), महेंद्र लौघा (अहमदाबाद, गुजरात), मंगल चंद चौधरी (पुणे, महाराष्ट्र), पवन बंसल (हैदराबाद, तेलंगाना), डॉ. रामावतार (नई दिल्ली), रवि पोद्दार (इंदौर, मध्यप्रदेश), सचिन पांडे (बेंगलुरु, कर्नाटक), संतोष पटवारी (कोयंबटूर, तमिलनाडु), संतोष कुमार पुरोहित (कोलकाता, पश्चिम बंगाल) तथा श्री श्याम राठी (सूरत, गुजरात) सहित अनेक प्रवासी राजस्थानी उद्योगपति एवं प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर बांटी

जयपुर। अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी की ओर सुमेर नगर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल और आंगनबाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित की गई। अध्यक्ष डॉ. रमा माथुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को खाने के पैकेट भी दिए गए। स्वेटर और फूड पैकेट पाकर बच्चे बेहद ख़ुश दिखे। इस अवसर पर सोसायटी उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी माथुर, सचिव डॉ. कल्पना माथुर, सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला, डॉ. अंटू सक्सेना एडवोकेट रिमझिम माथुर सहित सोसायटी के सदस्य मौजूद थे। डॉ. रमा माथुर ने बताया कि सोसायटी समय-समय पर ऐसे जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इसके लिए पूरे वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाती है।

पेंशनर्स समाज की बैठक आयोजित

जयपुर। राजस्थान पेंशनर समाज, उपशाखा मालवीय नगर की विजय चंद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में चिकित्सा विशेषज्ञों ने सर्दी के दौरान विभिन्न मौसमी बीमारियों के लक्षण और उपचार की जानकारी दी। इस अवसर पर मेट्रो मास अस्पताल के डॉ अविनाश कुल्हर और डॉ कमलेश कुमार गहलोत ने सर्दी में जुकाम, खांसी आदि बीमारियों और हड्डी, नसों के रोगों से बचाव की जानकारी दी और वरिष्ठ नागरिकों को मौसमी बीमारियों से बचने के उपायों से अवगत कराया। बीमार होने पर तुरंत इलाज़ की सलाह दी। संरक्षक केशव कुमार शर्मा ने चिकित्सकों का माल्यार्पण और दुप्पटे पहनाकर स्वागत किया। उप सचिव बाबूलाल गुप्ता ने मेट्रो मॉस के मार्केटिंग मैनेजर विशाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में सचिव प्रीतम दास अरोड़ा ने 17 दिसंबर को पेंशन समाज के प्रादेशिक कार्यक्रम की जानकारी दी। पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतन कुमार जैन ने पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र और पेंशन सम्बन्धी विभिन्न जानकारियां दी।

दो शातिर नकबजन गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र वीकेआई में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए गहने बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र वीकेआई में हुई नकबजनी की वारदात करने वाले राजा बाबू उर्फ रवि निवासी भेजा जिला मधुबनी (बिहार) हाल मुरलीपुरा और योगेश उर्फ राहुल निवासी मुरलीपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से चोरी किए गए गहने बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कई नकबजनी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

जयपुर। विकास समिति सेक्टर 12 मानसरोवर जयपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सामुदायिक केंद्र सेक्टर 12 मानसरोवर जयपुर में संपन्न हुआ। इसमें सुरेश चंद्र जैन अध्यक्ष, आनंद प्रकाश माथुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सारस्वत, महासचिव प्रकाश चंद सिंघल, कोषाध्यक्ष प्रोफेसर अंजू अग्रवाल, संयुक्त सचिव नितेंद्र माथुर ने संगठन सचिव पद की शपथ ली।

बगरू में ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

जयपुर (कासं)। बगरू थाना इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर छीतरोली बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि महिला का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक की रफ्तार अत्यधिक तेज थी, टक्कर लगते ही महिला हवा में उछलकर सड़क पर गिरी और ट्रक उसे कुचलते हुए निकल गया। मृतका की पहचान उमा छाड़ीवाल निवासी नंदपुरा गांव के रूप में हुई है। वह अपने पति के साथ बाइक से कहीं जा रही थी। हादसे में पति को गंभीर चोटें आई हैं, उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया और जाम हटाकर यातायात सुचारू कराया। इस हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

व्यापारी को हथियार दिखाकर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

पुलिस जांच में सामने आया कि बदमाश, लगातार व्यापारी और उसके बेटों को धमकी भरे मैसेज और वीडियो भेज रहा था

जयपुर (कासं)। मुरलीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मूंगफली व्यापारी को हथियार दिखाकर धमकाने और एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित, व्यापारी और उसके बेटों को लगातार धमकी भरे मैसेज और वीडियो भेज रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य मामलों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मूंगफली व्यापारी को हथियार दिखाकर धमकाने और एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में 48 वर्षीय इलमुद्दीन निवासी बीकानेर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित के खिलाफ बीकानेर जिले में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में पहले से पांच मुकदमे दर्ज हैं। वह शातिर अपराधी है,जो वसूली का काम करता है। इसके अलावा आरोपित के मोबाइल में हथियारों के साथ फोटो और धमकी भरे मैसेज बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में अन्य रंगदारी या अपराध के मामलों के खुलासे की आशंका जताई जा रही है।

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि पीड़ित व्यापारी पिछले 30 वर्षों से मूंगफली का व्यापार कर रहा है और वह इलाज के लिए दिल्ली गया था। इसी दौरान एक अनजान नंबर से कॉल आया और कॉल करने वाले ने अपना नाम इल्मुद्दीन बताया और व्यापार के सिलसिले में मिलने की इच्छा जताई।



गिरफ्तार आरोपी इलमुद्दीन

- **व्यापार के बहाने से बदमाश पीड़ित व्यापारी के घर पहुंचा और रिवॉल्वर निकालकर 10 दिन के अंदर एक करोड़ रुपये की रंगदारी देने की मांग रखी**

आरोपी ने किसी तरह पीड़ित के घर का पता जुटाया और 30 नवंबर को अचानक उनके घर पहुंच गया। बातचीत के दौरान आरोपी ने रिवॉल्वर निकालकर व्यापारी को धमकाया और 10 दिन के अंदर एक करोड़ रुपये देने को कहा। रुपये नहीं देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी और चला गया। इसके बाद आरोपी ने लगातार कॉल कर धमकियां देनी शुरू कर दी। हर बार रुपये के इंतजाम के बारे में पूछता और डराने के लिए व्यापारी की फैक्ट्री जाकर वीडियो बनाकर भेजता। साथ ही व्यापारी के बेटों के मोबाइल पर भी धमकी भरे वीडियो और मैसेज भेजे। इस पर एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी और बज्जू, बीकानेर सहित अन्य स्थानों पर पता लगाया। मुखबिर से आरोपी के जयपुर में होने की सूचना पर उसका पीछा कर कर उसे विद्याधर नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

श्रीराम कथा और श्री हनुमान महायज्ञ का भूमि पूजन

जयपुर। विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र के नींदड़ में आयोजित होने जा रही जगद्गुरु रामभद्राचार्य की श्रीराम कथा एवं 1008 कुंडीय श्री हनुमान महायज्ञ के पावन आयोजन से पूर्व रविवार को कथा स्थल पर विधिवत भूमि पूजन एवं यज्ञ ध्वज स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सहभागिता कर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि भूमि पूजन के दौरान सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय, सकारात्मक ऊर्जा और सनातन संस्कृति की आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत रहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रभु श्रीराम एवं पवनपुत्र हनुमान जी की कृपा से यह महायज्ञ और श्रीराम कथा जन-जन के कल्याण, शांति एवं समृद्धि का माध्यम बनेगी। भूमि पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया। कार्यक्रम में महंत योगी भावनाथ महाराज, विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित राजन शर्मा, अनिल संत, राजेश तांबी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, कार्यकर्ता एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संघर्ष चेतना महाधिवेशन में 1500 से ज्यादा कर्मचारी और संविदाकर्मी जुटे

19 जनवरी को जयपुर में विशाल चेतावनी रैली निकालने का निर्णय

जयपुर (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को 88 संगठनों के 1500 से ज्यादा कर्मचारियों एवं सैकड़ों संविदा कार्मिकों की उपस्थिति में संघर्ष चेतना महाधिवेशन आयोजित हुआ।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने बताया कि अधिवेशन में बजट घोषणा के बाद भी राज्य सरकार द्वारा अधीनस्थ सेवाओं के

- **चेतावनी रैली में प्रदेश के 41 जिलों से एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों के भाग लेने की रणनीति पर भी चर्चा हुई**
- **कैडर पुनर्गठन, वेतन विसंगति, नियमितिकरण व पुरानी पेंशन मुद्दे को लेकर है नाराजगी**

कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन नहीं करने, वेतन विसंगति दूर नहीं करने, संविदा कार्मिकों का नियमितिकरण नहीं करने एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी नहीं करने तथा पुरानी पेंशन से छेड़छाड़ करने के विरोध में संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया। इसके तहत प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन करते हुए 19 जनवरी को राजधानी जयपुर में विशाल चेतावनी महारैली निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेश के 41 जिलों से एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों का भाग लेने की रणनीति तैयार की गई।

महासंघ के प्रदेश महामंत्री महावीर सिहाग एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह राठौड़ ने बताया कि अधिवेशन से पूर्व महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के सभी जिलों में संघर्ष चेतना यात्रा निकालकर सभी जिलों में पहुंचकर कर्मचारियों से संवाद कायम किया था।

महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता गोविंद नाटाणी ने बताया कि अधिवेशन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के.के.गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, नरेंद्र सिंह सहित विभिन्न कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को 88 संगठनों के 1500 से ज्यादा कर्मचारियों एवं सैकड़ों संविदा कार्मिकों की उपस्थिति में संघर्ष चेतना महाधिवेशन आयोजित हुआ।

संघ की 100 वर्षों की यात्रा राष्ट्र निर्माण में निर्णायक : आंबेकर

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा है कि संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने समाज को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से की थी और बीते 100 वर्षों में संघ ने इसी विचार के साथ निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शाखाओं के माध्यम से अनुशासन, देशभक्ति और सेवा भाव का विकास किया गया, जिससे समाज में राष्ट्रीय चेतना का विस्तार हुआ।

आंबेकर रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'भारत बोध' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन, देश विभाजन, आपातकाल और अलगाववाद के दौर में संघ स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही है। संघ के संस्थापक डॉ हेडगवार आजादी के आंदोलन में दो बार जेल गए। उन्होंने कहा कि संघ राष्ट्र को राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक इकाई मानता है और समाज में स्वाभिमान, एकता व राष्ट्रीय चेतना के प्रसार पर बल देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। संघ की शाखाओं में खेल, गीत, प्रार्थना और सामूहिक जीवन के जरिए सामान्य व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का विकास किया जाता है। संगठन में दायित्व पद की आकांक्षा के बजाय गुण, नीयत और कुशलता के आधार पर दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व राजनीतिक अवधारणा नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से चली आ रही सांस्कृतिक और मानव कल्याण की परंपरा है। उन्होंने देश में विभाजन और भ्रम फैलाने वाली शक्तियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए समाज की सक्रिय भूमिका को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी इसकी मजबूत कड़ी हैं। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने, गलत सूचनाओं को आगे न बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि भारत को सैन्य, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से सशक्त बनाना होगा, ताकि कोई देश उसकी ओर टेढ़ी नजर न उठा सके। आत्मविश्वास से भरा समाज यदि विकास के पथ पर आगे बढ़ता है तो आने वाले 20 वर्ष राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। क्रीडा भारती जयपुर की ओर से मलखंभ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया और पारंपरिक खेल मलखंभ में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने मलखंभ पर हैरतंगेज करतब दिखाए। उन्होंने संतुलन, शक्ति और लचीलेपन का परिचय देते हुए मलखंभ पर विभिन्न प्रकार के योगासन और कठिन मुद्राएं प्रस्तुत कीं।